**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 03.09.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **प्रधानमंत्री ने शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों, बढ़ती आबादी और भविष्य में पानी की जरूरतों के प्रति शहरी स्थानीय निकायों को संवेदनशील बनाने का आह्वान किया।**

- **राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को नैक में बेहतर ग्रेडिंग प्राप्त करने के लिए आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए।**

- **छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन को आधार से लिंक करने के लिए ई—केवायसी प्रक्रिया शुरू।**

- **भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी कल श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा।**

## प्रधानमंत्री—जल सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों, बढ़ती आबादी और भविष्य में पानी की जरूरतों के प्रति शहरी स्थानीय निकायों को संवेदनषील बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने इसके लिए चिंतन षिविर आयोजित करने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने कल जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिन के राष्ट्रीय विभागीय जल सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने जल संरक्षण तकनीकों को अधिक से अधिक अपनाने पर बल दिया।

## जल संचय जनभागीदारी अभियान

जल शक्ति मंत्रालय के 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, राज्य के पांच जिलों – सूरजपुर, महासमुंद, बालोद, बलौदाबाजार—भाटापारा और कबीरधाम ने भी जल संरक्षण के क्षेत्र में देश के शीर्ष दस जिलों में स्थान बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजदूगी में नई दिल्ली में आयोजित जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय शिखर सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे नवाचारों और जनभागीदारी आधारित प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने कोरिया जिले से शुरू हुए 'पांच प्रतिशत मॉडल' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मॉडल जल संरक्षण के दिशा में किसानों की स्वैच्छिक भागीदारी का अभिनव उदाहरण है। सम्मेलन के 'कैच द रेन' सत्र में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने राज्य में वर्षा जल संचयन, भू—जल पुनर्भरण तथा पेयजल स्रोतों के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस सम्मेलन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल सहित विभिन्न राज्यों के जल संसाधन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ में उनयासी हजार सात सौ पचहत्तर जल संरचनाएं बनाई जा रही हैं, जिनमें से सतहत्तर हजार सात सौ उन्नीस जल संरचनाओं का कार्य पूरा हो चुका है।

## राज्यपाल—कुलपति बैठक

राज्यपाल रमेन डेका ने आज निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक लेकर विश्वविद्यालयों में शिक्षा और शोध की गुणवत्ता सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का कल्याण विश्वविद्यालयों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को नैक में बेहतर ग्रेडिंग प्राप्त करने के लिए आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों का अनुपात संतुलित होना चाहिए तथा विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। श्री डेका ने कहा कि विश्वविद्यालयों को केवल उपाधि प्रदान करने तक सीमित न रहकर ऐसे शोध को प्रोत्साहित करना चाहिए, जिसका समाज और देश के विकास में वास्तविक योगदान हो। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप इंटीग्रेटेड कोर्स को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा के संरक्षण, संवर्धन और विकास के लिए विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहित किया जाए।

**राज्यपाल–मुलाकात**

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा है कि दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए और अधिक प्रयास किए जाने चाहिए। राज्यपाल ने आज लोकभवन में वर्ल्ड ऑडियो बुक टीम छत्तीसगढ़ के सदस्यों से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि तकनीक के माध्यम से दृष्टिबाधित विद्यार्थियों तक शिक्षा पहुंचाने वर्ल्ड ऑडियो बुक टीम का प्रयास सराहनीय और अनुकरणीय है। इस अवसर पर राज्यपाल ने टीम के सदस्यों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। गौरतलब है कि वर्ल्ड ऑडियो बुक टीम द्वारा दृष्टिबाधित और सामान्य विद्यार्थियों के लिए ग्यारह हजार से अधिक ऑडियो बुक्स तैयार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

**टंकराम वर्मा–बैठक**

प्रदेश के उच्च षिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कल मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर उच्च षिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और प्रषासनिक प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देष दिए। उन्होंने सहायक प्राध्यापक के सात सौ पदों पर जारी भर्ती प्रक्रिया की बाधाएं तत्काल दूर करने और प्राध्यापकों के पांच सौ पंचानवे रिक्त पदों पर सीधी भर्ती में तेजी लाने को कहा। उच्च षिक्षा मंत्री ने स्नातक प्राचार्य पदों पर लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया पंद्रह सितंबर तक पूरी करने के निर्देष दिए।

**बिजली कनेक्शन–ई–केवायसी**

छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्षन को आधार से लिंक करने के लिए ई–केवायसी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक सितंबर से 'मोर बिजली ऐप' के जरिए फेस रीडिंग और ओटीपी के माध्यम से ऑनलाइन केवायसी की सुविधा शुरू की गई है। वहीं, सात सितंबर से सभी जोन कार्यालयों में थंब इंप्रेषन और ओटीपी के जरिए भी ई–केवायसी कराई जा सकेगी। बिजली विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से ई–केवायसी की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। जोन कार्यालयों में सुविधा शुरू होने के बाद विभाग के कर्मचारी घर–घर जाकर भी उपभोक्ताओं की ई–केवाईसी करेंगे।

**मुख्य सचिव–बैठक**

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिषन–एन.टी.टी.एम. के प्रभावी क्रियान्वयन और तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार, उद्योग तथा कौषल विकास को बढ़ावा देने के लिए मुख्य सचिव विकासषील की अध्यक्षता में कल मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने तकनीकी षिक्षण संस्थानों और उद्योग प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर तकनीकी वस्त्र सम्मेलन आयोजित करने के निर्देष दिए। प्रारंभिक चरण में प्रत्येक तकनीकी संस्थान से दस–दस विद्यार्थियों को उद्योग आधारित प्रषिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में जानकारी दी गई कि पहले चरण में कोरबा, रायगढ़, जांजगीर–चांपा और बिलासपुर जिलों के संस्थानों को स्थानीय वस्त्र उद्योगों से जोड़ने की दिषा में कार्य किया जाएगा।

**पीडब्ल्यूडी सचिव–निर्देश**

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेष कुमार बंसल ने बरसात के बाद निर्माणाधीन पुल–पुलियों और राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देष दिए हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में सभी निर्माण स्थलों पर काम होता हुआ दिखाई देना चाहिए। साथ ही बारिष से क्षतिग्रस्त हुए पुलों की मरम्मत तथा रेलिंग और दीवारों की पेंटिंग का कार्य तीस नवंबर तक पूरा करने के निर्देष दिए गए। बैठक में श्री बंसल ने केन्द्र सरकार के गतिषक्ति पोर्टल पर प्रदेष के सभी पुल–पुलियों की जानकारी दस सितंबर तक अपलोड करने को कहा।

**जन्माष्टमी**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी कल छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। जन्माष्टमी पर्व को लेकर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कृष्ण मंदिरों में आकर्षक साज–सज्जा की जा रही है। मंदिरों और घरों में कल रात भगवान श्रीकृष्ण की विशेष रूप से पूजा–अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

जन्माष्टमी के अवसर पर कल चार सितंबर को छत्तीसगढ़ में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन प्रदेश की सभी मदिरा दुकानें, बार, होटल–बार, क्लब सहित मदिरा विक्रय परोसने वाले सभी लाइसेंसी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। वहीं, मांस बिक्री पर भी प्रतिबंध रहेगा।

**अंतरराष्ट्रीय लैक्रॉस टूर्नामेंट–कांस्य पदक**

मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय लैक्रॉस टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम ने सिंगापुर की टीम को हराकर कांस्य पदक जीता है। इस टीम में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के महलोई क्षेत्र की तीन खिलाड़ी – सोनम बंजारा, शांति प्रधान और मानसी भूमिया भी शामिल हैं। इस उपलब्धि पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा है कि रायगढ़ की बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर देश और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है।

**प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग–काउंसिलिंग**

रायपुर के सिपेट स्थित केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संस्थान में बी.टेक – प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग में दाखिले के लिए अंतिम दौर की काउंसलिंग की तिथि घोषित कर दी गई हैं। इच्छुक छात्र पांच से आठ सितंबर तक अपना पंजीयन कराकर दस सितंबर तक प्रवेश ले सकते हैं। अधिक विवरण तकनीकी शिक्षा संचालनालय की वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

**संक्षिप्त समाचार**

– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर आज बिलासपुर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में हाईकोर्ट के न्यायाधीश, न्यायिक अधिकारी और वकील शामिल हुए।

– सामान्य प्रशासन विभाग ने छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा और औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला और इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शरद अवस्थी को राज्यमंत्री का दर्जा दिया है।

– दुर्ग में आठ सितंबर को उच्च स्तरीय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में समान नागरिक संहिता–यूसीसी के प्रावधानों और इसके प्रभावों पर समूह चर्चा तथा परिचयात्मक बैठक होगी।

– बीजापुर जिले के भोपालपट्नम थाना क्षेत्र के नीलमडगु के जंगल से सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियार और गोला–बारूद बरामद किए हैं। इनमें बारह बोर की बंदूक, टूटी हुई बीजीएल राइफल, बीजीएल सेल और जिंदा कारतूस शामिल हैं।

– एन्टी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने जांजगीर–चांपा जिले के किरारी स्थित शासकीय स्कूल

की महिला प्रिंसिपल और लिपिक को दस हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन लोगों ने स्कूल के ही एक अन्य लिपिक से एरियर्स निकालने के बदले रिश्वत की मांग की थी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>